डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
**DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR 470 003 (M.P.)**
***(A Central University; Accredited A+ by NAAC)***

क./अ.छा.कल्याण/2026/1735

दिनांक: 10 .11.2026

## :सूचना:

## गौर पीठ प्रोत्साहन पुरस्कार

सूचित किया जाता है कि गौर पीठ के तत्वावधान में **गौर पीठ प्रोत्साहन पुरस्कार-2026** प्रदान किया जाना है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के सभी संकायों के **स्नातक सत्र 2025–26** के प्रथम सेमेस्टर में एक एकल कन्या छात्रा (Single Girl Child) एवं एक दिव्यांग छात्र (PWD) और इसी प्रकार **स्नातकोत्तर सत्र 2025–26** के प्रथम सेमेस्टर में एक एकल कन्या छात्रा (Single Girl Child) एवं एक दिव्यांग छात्र (PWD), जिसने प्रथम सेमेस्टर में उपरोक्त कैटेगरी मे सर्वाधिक अंक (CGPA के तहत) प्राप्त किये हैं, को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

चयनित विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप गौर पीठ में दान दाताओं द्वारा प्रदत्त राशि के ब्याज (Interest) से रूपये 15000/– (अंकन पन्द्रह हजार रूपये मात्र) एक मुश्त (one time) प्रदान की जाएगी।

पात्रता हेतु एकल कन्या छात्रा (Single Girl Child) को संलग्न फार्मेट में शपथ पत्र एवं दिव्यांग विद्यार्थी को मेडिकल बोर्ड का मान्य प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा।

विद्यार्थी अपने आवेदन पत्र की आवश्यक दस्तावेजों सहित भौतिक प्रति (हार्डकापी) संबंधित अधिष्ठाता (Dean) अथवा विभागाध्यक्ष (Head) द्वारा अग्रेषित कराकर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण (DSW) कार्यालय में **अंतिम तिथि 20.11.2026** तक जमा करें।

विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थी अपना आवेदन प्राचार्य द्वारा अग्रेषित कराकर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण (DSW) कार्यालय में **अंतिम तिथि 20.11.2026** तक जमा करें।

9.11.26
**प्रो. डी. के. नेमा**
**(अधिष्ठाता, छात्र कल्याण)**

9.11.26
**प्रो. नवीन कानगो**
**(समन्वयक, गौर पीठ)**

प्रतिलिपि :–

1. समस्त अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष– कृपया विद्यार्थियों को सूचित करने हेतु उक्त सूचना को विभागीय सूचना–पटल पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
3. प्रभारी, आई. टी. सेल.– वि.वि. की वेबसाईट पर उक्त सूचना को उपलोड कराने हेतु।
4. प्रभारी, परीक्षा नियंत्रक, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
5. निदेशक, शैक्षणिक गतिविधियॉं, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
6. कुलपति के सचिव – माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
7. कुलसचिव के निज सहायक।
8. संबंधित नस्ती।